ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ ಕ್ರಮ ಸಂಖ್ಯೆ :
**Q.P. Sl. No. :**

ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ **2026** ರ ಪರೀಕ್ಷೆ-1
**MARCH/APRIL 2026 EXAMINATION-1**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RF/RR/ PF/PR**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ )**
**( Regular Fresh / Regular Repeater / Private Fresh / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 30. 03. 2026 ] [ Date : 30. 03. 2026
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-00 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-00 A.M. to 1-00 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

**Cut here / ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ** →

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर निशान का अनुसरण करें) । प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें ।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

61-H 10/502

**Tear here/यहाँ से काटिए**

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER WITH REVERSE JACKET**
**रिवर्स जैकेट सहित प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here/यहाँ से काटिए**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'चढ़ना' शब्द का विलोम रूप है –

(A) बढ़ना (B) उतरना

(C) उठना (D) छोटा

2. 'मोर' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) मोरा (B) मीरा

(C) मयूर (D) मोरनी

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

(A) परदे (B) पैसा

(C) पंजा (D) वस्तु

4. 'चलना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) चलन (B) चलनशील

(C) चलाना (D) चाल

61-H 10/502

5. निम्नलिखित में से 'दीर्घ संधि' का उदाहरण है

(A) अत्यंत (B) शिवालय

(C) एकैक (D) परोपकार

6. 'चौराहा' शब्द में समास है –

(A) द्विगु (B) अव्ययीभाव

(C) कर्मधारय (D) द्वंद्व

7. रास्ते में एक तालाब मिला ।

वाक्य में प्रयुक्त 'विराम चिह्न' है –

(A) अल्पविराम (B) प्रश्नसूचक

(C) विस्मयादिबोधक (D) पूर्णविराम

8. देश के प्रति गौरव ........... भाव रखना चाहिए ।

रिक्त स्थान में सही 'कारक चिह्न' होगा –

(A) ने (B) पर

(C) का (D) में

61-H 10/502

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. नौकाएँ बनानेवाले : जलालुद्दीन : : अखबारों के वितरण करनेवाले : .........

10. दोस्तों की पहली मुलाकात : हाथी से :: दोस्तों की आखिरी मुलाकात : ...................

11. गोमटेश्वर की प्रतिमा : श्रवणबेलगोल :: गोलगुंबज : ...............

12. जीभ की तुलना : देहरी से : : राम नाम की तुलना : ...................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. लेखक चीज़ें खरीदने कहाँ गये थे ?

14. सिंगफो आदिवासी कहाँ के निवासी थे ?

15. दिनकर जी के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ?

16. यशोदा किसकी कसम खाती है ?

61-H 10/502

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. फल और सब्जियों के महत्व के बारे में प्रेमचंद जी क्या कहते हैं ?

18. एस० टी० आर० मानिकम ने बालक कलाम की किस तरह मदद की ?

19. परसाई जी ने मंत्री को क्या समझाया ?

20. बालशक्ति के बच्चे गाँव को 'आदर्श गाँव' कैसे बनाते हैं ?

21. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

22. कृष्ण, बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता ?

23. शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । क्यों ?

**अथवा**

शनि सौर–मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है । कैसे ?

61-H 10/502

24. महात्मा गाँधी जी 'सत्य की शक्ति' के बारे में क्या कहते हैं ?

**अथवा**

सलमा ने प्रकृति के बारे में क्या कहा है ?

61-H 10/502

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए :** **9 × 3 = 27**

25. गिल्लू के कार्य–कलाप के बारे में लिखिए ।

26. 'सोशल नेटवर्किंग' का परिचय दीजिए ।

27. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या संदेश मिलता है ? बताइए ।

28. कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए ।

29. सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर फूला नहीं समा रहा था । क्यों ?

30. कविता में भारत माँ का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

31. कविता के आधार पर 'समय के महत्व' को समझाइए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।

पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

61-H 10/502

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलूरू है । यहाँ देश–विदेश के लोग आकर बस गये हैं ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छ: वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. बसंत एक ईमानदार और स्वाभिमानी लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

पं० राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..............................

..........................................

..........................................

............................. भागो तुम ।

61-H-10/502

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1 × 4 = 4**

36. भारत एक कृषि प्रधान देश है । यहाँ के अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं । भारत में विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं । गेहूँ, चावल, बाजरा और दालें मुख्य फसलें हैं । भारत में कई नदियाँ हैं जो खेती के लिए पानी प्रदान करती हैं । किसान हमारे देश की रीढ़ हैं । वे हमें अनाज प्रदान करते हैं । भारत में खेती के लिए मानसून की बारिश बहुत महत्वपूर्ण है । किसान अपनी मेहनत से फसलें उगाते हैं ।

(अ) भारत कैसा देश है ?

(आ) भारत के लोग किस पर निर्भर हैं ?

(इ) मानसून की बारिश क्यों महत्वपूर्ण है ?

(ई) किसान फसलें कैसे उगाते हैं ?

61-H 10/502

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

37. (क) **पर्यावरण प्रदूषण**

* प्रस्तावना
* प्रदूषण के प्रकार
* प्रदूषण के कारण
* पर्यावरण की रक्षा
* उपसंहार ।

(ख) **समय का महत्व**

* प्रस्तावना
* समय का महत्व
* छात्र जीवन में समय का पालन
* उपसंहार ।

(ग) **इंटरनेट का योगदान**

* प्रस्तावना
* इंटरनेट का महत्व
* इंटरनेट से लाभ तथा उपयोग
* उपसंहार ।

61-H 10/502

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. बड़ी बहन की शादी का कारण बताते हुए प्रधान अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शैक्षिक यात्रा के लिए 2,000/- रु० माँगते हुए पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

61-H 10/502

DO NOT WRITE ANYTHING HERE